www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 September 08, 2013 Shift 1 Geography Question Paper**

# PAPER-II
# GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**S 8 0 1 3**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The premise that present-day processes have been operating throughout geological time is the principle of
(A) Continental drift
(B) Uniformitarianism
(C) Earth Systems
(D) Plate Tectonics

**2.** The concept of Panplain is associated with
(A) W.M. Davis (B) W. Penk
(C) A. Strahler (D) E. Huntington


**3.** Match the List-I with List-II and select the correct answer by using codes given below :

| **List – I** | **List - II** |
|---|---|
| (a) River | (i) Dolines |
| (b) Glacier | (ii) Inselburg |
| (c) Wind | (iii) Moraines |
| (d) Underground water | (iv) Leaves |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**4.** Identify the order of the stream at the section marked 'X'.




(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

**5.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given :

| **List – I (Land form)** | **List - II (Agenta of Denudation)** |
|---|---|
| (a) Monadnocks | 1. Wind |
| (b) Blind valley | 2. Glacier |
| (c) Drumlin | 3. River |
| (d) Dreikanter | 4. Ground Water |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**6.** Which of the following pairs of countries receive maximum insolation ?
(A) Indonesia and Sri Lanka
(B) Indonesia and Libya
(C) Yemen and Somalia
(D) Canada and Australia

**7.** Solid material passes directly into vapour state by means of
(A) Condensation
(B) Sublimation
(C) Volatalization
(D) Convection

**8.** Which of the following pairs is correctly matched ?
1. Cwa and hot summers, dry winters.
2. Cwb and hot dry summers.
3. Csb and warm dry summers.
4. Cfb and warm summers

Select the correct answer.
(A) 1, 2, 3 and 4 (B) 1, 3 and 4
(C) 1 and 4 (D) 1 and 2

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# भूगोल
## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** यह संकल्पना कि सामयिक प्रक्रियाएँ सम्पूर्ण भूवैज्ञानिक कालों के दौरान क्रियाशील थी के सिद्धान्त को जाना जाता है
(A) महाद्वीपीय प्रवाह
(B) एकरूपतावाद
(C) भूव्यवस्थाएँ
(D) प्लेट विवर्तनिक

**2.** पैनप्लेन की अवधारणा का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस विद्वान से है ?
(A) डब्ल्यू.एम. डेविस (B) डब्ल्यू. पेंक
(C) ए. स्ट्रेह्लर (D) इ. हंटिंगटन


**3.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) नदी | (i) डोलाइन्स् |
| (b) हिमानी | (ii) इन्सलबर्ग |
| (c) पवन | (iii) हिमोढ़ |
| (d) भूतलीय जल | (iv) प्राकृतिक तटबन्ध |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**4.** निम्न चित्र में 'X' चिन्हित खंड पर सरिता के क्रम की पहचान करें :




(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

**5.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (भूरुप)** | **सूची – II (अनाच्छादन कारक)** |
|---|---|
| (a) मानोडनॉकस | 1. पवन |
| (b) अंध घाटी | 2. हिमानी |
| (c) ड्रमलिन | 3. नदी |
| (d) ड्राइकैन्टर | 4. भौम जल |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**6.** निम्न देशों का कौन सा युग्म अधिकतम सूर्यातप प्राप्त करता है ?
(A) इंडोनेशिया एवं श्रीलंका
(B) इंडोनेशिया एवं लीबिया
(C) यमन एवं सोमालिया
(D) कनाड़ा एवं ऑस्ट्रेलिया

**7.** ठोस पदार्थ किस माध्यम से सीधे वाष्प अवस्था में बदल जाता है ?
(A) संघनन
(B) उर्ध्वपातन
(C) वाष्पीकरण
(D) संवहन

**8.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है ?
1. Cwa एवं गर्म ग्रीष्म काल, शुष्क शीतकाल
2. Cwb एवं गर्म शुष्क ग्रीष्म काल
3. Csb एवं कोष्ण (वार्म) शुष्क ग्रीष्म काल
4. Cfb एवं कोष्ण ग्रीष्म काल
सही उत्तर का चुनाव कीजिए :
(A) 1, 2, 3 एवं 4 (B) 1, 3 एवं 4
(C) 1 एवं 4 (D) 1 एवं 2

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** Match the List-I with List-II and select the correct answer using codes given below :

| List – I (Local Winds) | List - II (Countries) |
|---|---|
| (1) Loo | (i) West Africa |
| (2) Samun | (ii) Former Yugoslavia |
| (3) Harmattan | (iii) Pakistan |
| (4) Bora | (iv) Iran |

**Codes :**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**10.** Radiolarian Ooze are
(A) Terrigenous Deposits
(B) Neritic Deposits
(C) Pelagic Deposits
(D) Littoral Deposits

**11.** Certain substances are classified as water pollutants, others as air pollutants and still others as land pollutants. Which one of the following pollutes are three parts of our environment ?
(A) Flourocarbons (B) Smog
(C) Acid rain (D) Ozone

**12.** Ria is an example of
(A) Emerged upland shore
(B) Submerged upland shore
(C) Neutral shore
(D) Compound shore

**13.** Flat-topped sub-marine mountains are called
(A) Sea mounts
(B) Abyssal mounts
(C) Guyots
(D) Sea Volcanoes

**14.** Anacondas are largely found in
(A) Irrawady Basin
(B) Congo Basin
(C) Orinoco Basin
(D) Amazon Basin

**15.** Match the List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Natural Vegetation) | List - II (Indian States/UTs) |
|---|---|
| 1. Conifers | i. Jharkhand |
| 2. Evergreen | ii. Rajasthan |
| 3. Xerophytes | iii. Andaman & Nicobar |
| 4. Deciduous | iv. Jammu & Kashmir |

**Codes :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**16.** Who among the following did not support the concept of environmental determinism ?
(A) Ratzel (B) Davis
(C) Huntington (D) None of these

**17.** Match the following and find the correct answer from the code :

| List – I | List - II |
|---|---|
| (a) Probabilism | (i) Von Humboldt |
| (b) Stop-and-go determinism | (ii) Carl Ritter |
| (c) Systematic Geography | (iii) Griffith Taylor |
| (d) Regional Geography | (iv) O.H.K Spate |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**18.** Who wrote the book Airs, Water and Places ?
(A) Anaximander (B) Hippocrates
(C) Eratosthones (D) Hecateus

**9.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (स्थानीय पवन)** | **सूची – II (देश)** |
|---|---|
| (1) लू | (i) पश्चिमी अफ्रीका |
| (2) सामुन | (ii) पूर्व यूगोस्लाविया |
| (3) हरमट्टन | (iii) पाकिस्तान |
| (4) बोरा | (iv) ईरान |

**कोड :**

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**10.** रेडियोलेरीय निपंक क्या हैं ?
(A) टेरिजिनेस निक्षेप
(B) नेराइटिक निक्षेप
(C) पेलाजिक निक्षेप
(D) लिट्टोरल निक्षेप

**11.** कुछ पदार्थों को जल प्रदूषकों, कुछ को वायु प्रदूषकों और कुछ और हैं जिन्हें भू प्रदूषकों के रूप में श्रेणीगत किया गया है । हमारे वातावरण के तमाम तीन हिस्सों को निम्नलिखित में से क्या प्रदूषित करता है ?
(A) फ्लूरोकार्बन्स (B) धूम-कोहरा
(C) अम्ल वर्षा (D) ओज़ोन

**12.** रिया किसका उदाहरण है ?
(A) निर्गमित उच्चभूमि तट
(B) निमग्न उच्चभूमि तट
(C) न्यूट्रल तट
(D) संयुक्त तट

**13.** सपाट शिखर वाले उप-समुद्रीय पर्वत क्या कहलाते हैं ?
(A) समुद्र पहाड़ी
(B) नितलीय पहाड़ी
(C) निमग्न द्वीप
(D) समुद्रीय ज्वालामुखी

**14.** अनाकोंडा सामान्यतया कहाँ पाये जाते हैं ?
(A) इरावदी बेसिन (B) कोंगो बेसिन
(C) ओरिनोको बेसिन (D) अमेजन बेसिन

**15.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (प्राकृतिक वनस्पति)** | **सूची – II (भारतीय राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश)** |
|---|---|
| 1. शंकुवृक्ष | i. झारखण्ड |
| 2. सदाबहार | ii. राजस्थान |
| 3. मरुद्भिद | iii. अंडामान एवं निकोबार |
| 4. पतझड़ | iv. जम्मू एवं कश्मीर |

**कोड :**

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**16.** पर्यावरणीय नियतिवाद की अवधारणा का समर्थन निम्नलिखित में से किसने नहीं किया है ?
(A) रैट्ज़ल
(B) डेविस
(C) हंटिंगटन
(D) इनमें से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित को सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर ज्ञात करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) सम्भाव्यवाद | (i) वान हम्बोल्ट |
| (b) रुको-जाओ-नियतिवाद | (ii) कार्ल रिटर |
| (c) क्रमबद्ध भूगोल | (iii) ग्रिफिथ टेलर |
| (d) क्षेत्रीय भूगोल | (iv) ओ.एच.के. स्पेट |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**18.** 'एयरस्, वाटर एण्ड प्लेसेज' नामक पुस्तक किसने लिखी है ?
(A) एनेक्सीमैण्डर (B) हिप्पोक्रेटस
(C) इराटोस्थॉनिस (D) हिकेटियस

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**19.** The Humanistic Geography aims at 'Verstehn', that is
(A) Life style of man.
(B) Inter personal relations of men.
(C) Understanding of man in his environment.
(D) Objective experiences of man.

**20.** Geographia in 17 volumes was written by
(A) Ptolemy (B) Miletus
(C) Strabo (D) Ritter

**21.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :
**Assertion (A) :** The newly emerged industrial cities in India are numerically dominated by both male and female adult population.
**Reason (R) :** Human migration is age and sex selective.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is correct.

**22.** Which one of the following is not correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Exurbanisation | – | Commuter belt grows at the expense of core. |
| (B) | Counterurbanisation | – | Populationloss of ring is more than the urban core. |
| (C) | Reurbanisation | – | Core starts regaining population. |
| (D) | Exourbanisation | – | Labour intensive and export oriented industrialization is the base. |

**23.** International migration is no longer a factor in population distribution mainly because
(A) People do not wish to migrate.
(B) People are afraid of racial prejudices.
(C) Nations have placed restrictions on migration.
(D) Employment opportunities are not bright.

**24.** Match the following :

| | **List – I (Name of Scholar)** | | **List - II (Idea/Concept)** |
|---|---|---|---|
| a. | Charles Darwin | I. | Migration laws |
| b. | Wilbur Zelinsky | II. | Population and resources |
| c. | Thomas Malthus | III. | Theory of evolution |
| d. | George Ravenstein | IV. | Hypothesis of the mobility |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | III | IV | II | I |
| (D) | IV | III | II | I |

**25.** Who among the following used the term Ecumenopolis to describe a projected urbanised world or universal city by the end of the twenty first century ?
(A) Geddes (B) Gottmann
(C) Doxiades (D) Dickinson

**26.** Match the items in the List-I with that in List-II. The items in the two lists relate to sector theory proposed by Hoyt.

| **List – I (Sector Number)** | | | **List - II (Urban Land use Pattern)** |
|---|---|---|---|
| a. | 1 | I. | Wholesale & Light Manufacturing |
| b. | 2 | II. | CBD |
| c. | 3 | III. | Medium-class Residential |
| d. | 4 | IV. | Low-class Residential |

**Codes :**

| | a.1 | b.2 | c.3 | d.4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | II | I | IV | III |
| (D) | IV | III | II | I |

**19.** मानवतावादी भूगोल का लक्ष्य वर्स्टेहन् प्राप्त करना है, यानि कि
(A) व्यक्ति की जीवन शैली
(B) व्यक्तियों के अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध
(C) मनुष्य को उसके पर्यावरण के सन्दर्भ में समझना
(D) व्यक्ति के वस्तुनिष्ठ अनुभव

**20.** जॉगराफिया, जो 17 खण्डों में लिखा गया है, किसने लिखा है ?
(A) टॉलेमी (B) मीलेटस
(C) स्ट्रैबो (D) रिट्टर

**21.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A), दूसरे को कारण (R) नाम दिया गया है । नीचे दिये कोडों से अपने उत्तर का चयन करें :
**अभिकथन (A) :** भारत में नवोदित औद्योगिक नगरों में पुरुष एवं महिला दोनों की प्रौढ़ जनसंख्या की संख्यात्मक रूप से प्रधानता है ।
**कारण (R) :** मानव प्रवसन आयु एवं लिंग चयनात्मक है ।
**कोड :**
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।
(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सही है ।

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?
(A) पूर्व-नगरीकरण – कम्यूटर बेल्ट सारभाग की लागत पर विकसित होती है ।
(B) प्रति नगरीकरण – रिंग का जनसंख्या ह्रास शहरी सारभाग से ज्यादा होता है ।
(C) पुनर्नगरीकरण – सारभाग में फिर से जनसंख्या बढ़ने लगती हैं ।
(D) बाह्य नगरीकरण – श्रम-गहन एवं निर्यात-उन्मुखी औद्योगिकीकरण आधार है ।

**23.** अन्तर्राष्ट्रीय प्रवसन अब जनसंख्या वितरण में कारक बिल्कुल नहीं रहा । इसका मुख्य कारण क्या है ?
(A) लोग प्रवसन नहीं करना चाहते हैं ।
(B) लोग प्रजातीय पूर्वाग्रहों से डरते हैं ।
(C) राष्ट्रों ने प्रवसन पर प्रतिबंध लगा दिये हैं ।
(D) रोजगार अवसर सुस्पष्ट नहीं हैं ।

**24.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I (विद्वान का नाम)** | **सूची – II (विचार/प्रत्यय)** |
|---|---|
| a. चार्ल्स डार्विन | I. प्रवसन नियम |
| b. विलबर जेलिंस्की | II. जनसंख्या एवं संसाधन |
| c. थॉमस माल्थस | III. उद्विकास का सिद्धान्त |
| d. जॉर्ज रैवेनस्टीन | IV. गतिशीलता की परिकल्पना |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | III | IV | II | I |
| (D) | IV | III | II | I |

**25.** इक्कीसवीं शताब्दी के अन्त में सार्वभौम नगर अथवा प्रक्षेपित नगरीय विश्व को परिभाषित करने के लिये 'इक्युमेनोपॉलिस' शब्द का उपयोग किसने किया है ?
(A) गैडेस (B) गोटमन
(C) डॉक्सियाडेस (D) डिकिन्सन

**26.** सूची – I में मदों को सूची – II में मदों के साथ सुमेलित करें दोनों सूचियों में मदें हॉयेट द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र सिद्धान्त से सम्बन्धित हैं :

| **सूची – I (क्षेत्र संख्या)** | **सूची – II (शहरी भूमि उपयोग पैटर्न)** |
|---|---|
| a. 1 | I. थोक एवं हल्के विनिर्माण |
| b. 2 | II. C B D |
| c. 3 | III. मध्यम-वर्ग आवासीय |
| d. 4 | IV. निम्न-वर्ग आवासीय |

**कोड :**

| | a.1 | b.2 | c.3 | d.4 |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | II | I | IV | III |
| (D) | IV | III | II | I |

prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** What is generally not true of shifting cultivation ?
(A) Rotation of field.
(B) Absence of draught animals.
(C) More often than not the homestead are not shifted.
(D) It is a great catalytic force for community life.

**28.** Which one of the following States is the largest producer of Tin ?
(A) Rajasthan (B) Odisha
(C) Jharkhand (D) Chhatisgarh

**29.** The classical model of Industrial location theory in which least cost approach is of primary consideration is recognised as the industrial location theory of
(A) Weber (B) Smith
(C) Isard (D) Hoover

**30.** Kiel Canal connects
(A) Berring Sea and the Pacific Ocean
(B) Red Sea and the Mediterranean Sea
(C) Baltic Sea and North Sea
(D) Caribbean Sea and the Pacific Ocean

**31.** Special Economic Zone (SEZ) Policy of India was introduced in
(A) 1999 (B) 2000
(C) 2001 (D) 2002

**32.** In the contemporary context, which one of the following countries is most significant from geo-strategic view point ?
(A) Maldives (B) Sri Lanka
(C) Afghanistan (D) Bangladesh

**33.** 'Carrot and stick' technique is used as a regional development policy in
(A) Sweden (B) Netherlands
(C) Germany (D) Great Britain

**34.** The core of the Great Himalayan is made up of
(A) Dharwar Rocks
(B) Archaean Rocks
(C) Quaternary Rocks
(D) Gondwana Rocks

**35.** Which one of the following rock systems is the main source of coal in India ?
(A) Gondawana (B) Cuddappa
(C) Vindhyan (D) Dharwar

**36.** Which one of the following sets of commodities is imported by India from South West Asian Countries ?
(A) Raw Wool and Carpets
(B) Dates and Olives
(C) Precious Stones and Pearls
(D) Perfumes and Coffee

**37.** Which of the following States in India has the largest number of sugar mills ?
(A) Gujarat (B) Maharashtra
(C) Bihar (D) Uttar Pradesh

**38.** Match the following :

| **List – I (Dialect)** | **List - II (State)** |
|---|---|
| a. Awadhi | I. Haryana |
| b. Bundeli | II. Bihar |
| c. Maithili | III. Madhya Pradesh |
| d. Bagri | IV. Uttar Pradesh |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | III | IV | I | II |
| (D) | IV | III | II | I |

**39.** The concept of Lebensraum became popular in the discipline of political geography after the publication of
(A) Politische geographic
(B) Geographical pivot of history
(C) Political geography: world economy, nation-state and locality.
(D) Making political geography.

**27.** शिफ्टिंग खेती के बारे में सामान्यत्या सत्य नहीं होता है ?
(A) खेत का क्रमावर्तन
(B) भारवाही पशुओं की अनुपस्थिति
(C) प्राय: वासभूमि क्षेत्र को बदला नहीं जाता है
(D) यह सामुदायिक जीवन के लिये महा उत्प्रेरक शक्ति है

**28.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य टिन का सबसे बड़ा उत्पादक है ?
(A) राजस्थान (B) ओड़िशा
(C) झारखण्ड (D) छत्तीसगढ़

**29.** औद्योगिक अवस्थिति सिद्धान्त का क्लासीकल मॉडल, जिसमें न्यूनतम लागत उपागम प्राथमिक महत्त्व रखता है, किसका औद्योगिक अवस्थिति सिद्धान्त माना गया है ?
(A) वेबर (B) स्मिथ
(C) आइजार्ड (D) हूवर

**30.** कील नहर किसे जोड़ती है ?
(A) बेरिंग सागर एवं प्रशान्त महासागर
(B) लाल सागर एवं भूमध्य सागरीय सागर
(C) बाल्टिक सागर एवं उत्तरी सागर
(D) केरिबियन सागर एवं प्रशान्त महासागर

**31.** भारत की स्पेशल इकोनोमिक ज़ोन (विशिष्ट आर्थिक कटिबंध) नीति कब लागू की गई थी ?
(A) 1999 (B) 2000
(C) 2001 (D) 2002

**32.** समकालिक संन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा देश भू-रणनीतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?
(A) मालदिव (B) श्रीलंका
(C) अफगानिस्तान (D) बंगलादेश

**33.** निम्नलिखित में से किस देश में क्षेत्रीय विकास नीति के रूप में 'पुरस्कार और दंड' तकनीक का प्रयोग किया जाता है ?
(A) स्वीडन (B) नीदरलैंड
(C) जर्मनी (D) ग्रेट ब्रिटेन

**34.** वृहत् हिमालय का क्रोड किससे बना है ?
(A) धारवाड़ चट्टानें
(B) आद्यमहाकल्पी चट्टानें
(C) चतुष्क चट्टानें
(D) गोंडवाना चट्टानें

**35.** निम्नलिखित में से कौन सी शैल व्यवस्था भारत में कोयले का मुख्य स्रोत है ?
(A) गोंडवाना (B) कडप्पा
(C) विन्ध्यन (D) धारवाड़

**36.** भारत द्वारा दक्षिण पश्चिम एशियाई देशों से कौन सी वस्तुओं का समूह आयात किया जाता है ?
(A) कच्चा ऊन एवं कालीन
(B) खजूर एवं जैतून
(C) बहुमूल्य पत्थर एवं मोती
(D) इत्र एवं कॉफी

**37.** निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में सर्वाधिक संख्या में चीनी मिल हैं ?
(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) बिहार (D) उत्तर प्रदेश

**38.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I (बोली)** | **सूची – II (राज्य)** |
|---|---|
| a. अवधि | I. हरियाणा |
| b. बुन्देली | II. बिहार |
| c. मैथिली | III. मध्य प्रदेश |
| d. बागड़ी | IV. उत्तर प्रदेश |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | III | IV | I | II |
| (D) | IV | III | II | I |

**39.** लैबन्सराम की अवधारणा किसके प्रकाशन के पश्चात राजनीतिक भूगोल के विषय में लोकप्रिय हुई ?
(A) पोलिटिश जियोग्राफी
(B) जियोग्राफिकल पाइवट ऑफ हिस्ट्री
(C) पोलिटिकल जियोग्राफी : वर्ल्ड इकोनोमी, नेशन-स्टेट एण्ड लोकैलिटी
(D) मेकिंग पोलिटिकल जियोग्राफी

**40.** Pred criticized location theory on following grounds :
(A) Logical inconsistency, motives and capacity.
(B) Motives and capacity.
(C) Logical inconsistency and capacity.
(D) Logical inconsistency and motives.

**41.** Match the following lists :

| | **List – I** | **List - II** |
|---|---|---|
| (a) | Cumulative Causation Model | 1. Rostow |
| (b) | Spatial Diffusion | 2. Myrdal |
| (c) | Behavioural Matrix | 3. Hagerstrand |
| (d) | Stages of Economic growth | 4. Pred |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**42.** Who coined the term Geopolitics ?
(A) Kjellen (B) Haushoffer
(C) Ratzel (D) Hess

**43.** Who among the following is credited with incorporation of concept of geographical space in the Growth Pole Theory ?
(A) Bouldville (B) Friedmann
(C) Myrdal (D) Haggerstand

**44.** Arrange the following maps in decreasing order of scale :
(i) Atlas map
(ii) Wall map
(iii) Cadastral map
(iv) Topographical map
Select the answer from codes :
(A) (ii), (iii), (iv), (i)
(B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (iv), (iii), (i), (ii)
(D) (iii), (iv), (ii), (i)

**45.** Area of a drainage basin on a map with R.F. 1 : 50,000 is measured as 200 sq. cm. What will be the basin area of map when it is reduced at the R.F. 1 : 100, 000 ?
(A) 1000 sq. cm. (B) 100 sq. cm.
(C) 50 sq. cm. (D) 500 sq. cm.

**46.** On a topographic map, lines that indicate water-depth are termed as
(A) Isogonic line (B) Isobath
(C) Isopachs (D) Isoneph

**47.** In order to identify Qutab Minar on an arial photograph, which of the following elements of image interpretation would be more expressive ?
(A) Shape (B) Shadow
(C) Tone (D) Texture

**48.** Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes the given below :

| | **List – I (Standard Colour)** | | **List - II (Landuse feature)** |
|---|---|---|---|
| i. | Red | (a) | Cultivated area |
| ii. | Dark Green | (b) | Built-up land |
| iii. | Brown | (c) | Forest area |
| iv. | Yellow | (d) | Uncultivable land |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**49.** Whose portrayals epitomized the relationship of political geography to foreign policy ?
(A) Isaiah Bowman
(B) Friedrich Ratzel
(C) Karl Haushofer
(D) Adolf Hitler

**50.** Who for the first time emphasized the importance of mental map of environment in decision-making process ?
(A) Woolridge (B) Downs
(C) Gould (D) Lynch

**40.** प्रेड ने निम्नलिखित आधार पर अवस्थिति सिद्धान्त की आलोचना की है ?
(A) तर्कपूर्ण असंगतता, उद्देश्य एवं क्षमता
(B) उद्देश्य एवं क्षमता
(C) तर्कपूर्ण असंगतता एवं क्षमता
(D) तर्कपूर्ण असंगतता एवं उद्देश्य

**41.** निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) संचयी प्रेरण मॉडल | 1. रोस्टो |
| (b) स्थानिक विसरण | 2. मिर्डाल |
| (c) व्यवहारपरक मैट्रिक्स | 3. हैगरस्ट्रैन्ड |
| (d) आर्थिक वृद्धि की अवस्थाएँ | 4. प्रेड |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**42.** निम्नलिखित में से किस विद्वान ने भू-राजनीति शब्द की उद्भावना की ?
(A) जैयलन (B) हॉशफर
(C) रिटजेल (D) हेस

**43.** निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने 'वृद्धि ध्रुव सिद्धान्त' में भौगोलक क्षेत्र की संकल्पना को समाहित किया ?
(A) बोर्डविली (B) फ्राडमैन
(C) मिरडॉल (D) हगेरस्टेंड

**44.** निम्नलिखित मानचित्रों को पैमाने के ह्रासमान क्रम में व्यवस्थित करें :
(i) एटलस मानचित्र
(ii) दिवाल मानचित्र
(iii) भूकर (कॅडैसट्रल) मानचित्र
(iv) स्थलाकृतिक मानचित्र
दिये गए कोड़ों में से सही उत्तर का चयन करें :
(A) (ii), (iii), (iv), (i)
(B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (iv), (iii), (i), (ii)
(D) (iii), (iv), (ii), (i)

**45.** RF-1 : 50,000 के साथ मानचित्र पर अपवाह द्रोणी (या बेसिन) के क्षेत्र को मापने पर 200 वर्ग से.मी. आया है। जब R.F. को कम करके 1 : 100, 000 कर दिया जाता है तो मानचित्र पर बेसिन क्षेत्र क्या होगा ?
(A) 1000 वर्ग से.मी. (B) 100 वर्ग से.मी.
(C) 50 वर्ग से.मी. (D) 500 वर्ग से.मी.

**46.** स्थलाकृतिक मानचित्र पर रेखाएँ जो जल की गहराई इंगित करती है, क्या कहलाती है ?
(A) समकोण रेखायें
(B) अनुगंभीर रेखायें
(C) समस्थूलता रेखायें
(D) सममेघरेखा

**47.** 'कुतुब मीनार को हवाई फोटोग्राफ पर पहचानने के लिये, प्रतिबिम्ब व्याख्या के निम्नलिखित घटकों में से कौन सा ज्यादा अभिव्यंजक या सार्थक है' ?
(A) आकार (B) छाया
(C) वर्ण (D) गठन

**48.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कोडों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (मानक वर्ण)** | **सूची – II (भू उपयोग विशेषता)** |
|---|---|
| i. लाल | a. कृष्य क्षेत्र |
| ii. गहरा हरा | b. भिन्न भागों द्वारा निर्मित भूमि |
| iii. ब्राऊन | c. वन क्षेत्र |
| iv. पीला | d. अकृष्य क्षेत्र |

**कोड :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | ii | i | iii | iv |
| (D) | iv | i | ii | iii |

**49.** विदेशी नीति से राजनीतिक भूगोल के सम्बन्ध को किसके चित्रांकन ने संक्षिप्त रूप प्रदान किया है ?
(A) इसाइया बोमैन
(B) फ्रीडरिच रैटज़ल
(C) कार्ल हॉशोफर
(D) एडोल्फ हिटलर

**50.** निर्णयन प्रक्रिया में प्रतिवेश के मानसिक मानचित्र के महत्त्व पर पहली बार किसने जोर दिया है ?
(A) वूलड्रिज (B) डाऊन्स
(C) गोल्ड (D) लिंच

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide